## राज्य सूचना-विज्ञान केंद्र, भोपाल मे एक दिवसीय हिन्दी कार्यशाला का आयोजन

मध्य प्रदेश में स्थित राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र में दिनांक 28 जनवरी 2025 को हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया । हिन्दी कार्यशाला में म. प्र. राज्य केंद्र के अधिकारियों/कर्मचारियों के अलावा समस्त जिला केंद्रों व सभी उपकेन्द्रों के अधिकारियों/कर्मचारियों ने पूरे उत्साह के साथ बड़ी संख्या में भाग लिया । जिला केंद्र व सभी उपकेन्द्रों के अधिकारियों/कर्मचारियों ने कार्यशाला में विडिओ कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भाग लिया । कार्यशाला मे एन. सी. आर. टी. के क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, भोपाल के डॉ अरुणाभ सौरभ, असिस्टेंट प्रोफेसर, मुख्य वक्ता के रूप मे उपस्थित हुए | हिन्दी कार्यशाला के प्रारंभ में श्री कमलेश जोशी, राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी द्वारा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ अरुणाभ सौरभ का स्वागत पुष्प गुच्छ भेट कर किया गया । इसके उपरांत विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सदस्य श्री नंदलाल बुनकर, अनुभाग अधिकारी द्वारा मुख्य अतिथि महोदय का संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत किया। श्री कमलेश जोशी, राज्य सूचना विज्ञान-अधिकारी जी द्वारा अपने उदबोधन में हिन्दी कार्यशाला के आयोजन की उपयोगिता पर प्रकाश डाला ।





मुख्य वक्ता डॉ. अरुणाभ सौरभ जी ने "समाज के नवनिर्माण मे साहित्य की भूमिका" विषय पर अपना ओजस्वी व्याख्यान दिया जो की बहुत ही उत्साहवर्धन करने वाला था | श्री दिलीप दधीच, वैज्ञानिक-एफ एवं अतिरिक्त राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी (राज्य) द्वारा आभार प्रदर्शन के उपरांत कार्यशाला का समापन हुआ।





कार्यशाला के उपरांत डॉ अरुणाभ सौरभ जी ने अपनी लिखी पुस्तक "**मेरी दुनिया के ईश्वर**" राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी महोदय को भेंट की |

इस अवसर पर म. प्र. राज्य केंद्र के वरिष्ठ अधिकारी श्री दिलीप दधीच, वैज्ञानिक-एफ एवं अतिरिक्त राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी (राज्य), श्रीमती गीतांजली मेहता, वैज्ञानिक-एफ एवं अतिरिक्त राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी (जिला), श्री वर्गिस अब्राहम, वैज्ञानिक-एफ एवं अतिरिक्त राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी (जिला), श्री अरविन्द सोले, वैज्ञानिक-एफ एवं राजभाषा अधिकारी एवं राजभाषा क्रियान्वयन समिति के समस्त सदस्य श्री राहुल चटर्जी, वैज्ञानिक-एफ, श्री जितेंद्र पाराशर, वैज्ञानिक-डी एवं श्री नंदलाल बुनकर, अनुभाग अधिकारी सहित कार्यालय के अन्य अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित थे |

संकलन : श्री नंदलाल बुनकर , अनुभाग अधिकारी

---------------*----------------